<u>संदेश</u>

चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुड़ी पड़वा, चेती चाँद, नवरेह और साजिबु चेरोबा त्योहारों के शुभ अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

वसंत ऋतु के साथ-साथ भारतीय नव वर्ष के शुभागमन के स्वागत में, समूचे देश में भिन्न-भिन्न स्वरूप में मनाए जाने वाले ये त्योहार हमें सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के सूत्र में पिरोते हैं। इन उल्लासमय पर्वों के माध्यम से हमारे समाज में सौहार्द और एकता की भावना मजबूत होती है।

मेरी कामना है कि ये त्योहार सभी के जीवन में परस्पर प्रेम और सद्भावना का संचार करें और हम सब मिलकर इस नव-वर्ष में नई उमंग के साथ राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें।

****